प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 03.03.2025

- **कानपुर देहात पुलिस द्वारा पशुओं को क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाने वालों के विरूद्ध की गयी प्रभावी कार्यवाही।**
- **थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा थाना शिवली क्षेत्रान्तर्गत वध के उद्देश्य से ट्रक में क्रूरतापूर्वक लादकर ले जा रहे 22 राशि गौवंश (20 नंदी व 2 गाय) को बरामद किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेंज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम एवं खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 02/03.03.2025 की रात्रि में चौकी प्रभारी मैथा उ0नि0 श्री नरेन्द्र सिंह व उ0नि0 श्री शिवेन्द्र कुमार वर्मा मय हमराह फोर्स के थाना क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि बेला औरैया की तरफ से आ रहे वाहन कन्टेनर सं0- UP 65 BT 6766 में गौवंश लादकर ले जाने की सूचना मुखबिर के जरिये प्राप्त हुई। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन को मैथा नहर पुल से मक्कापुरवा की ओर जाने वाले रास्ते पर मजार के पास रोकने के लिये पुलिस द्वारा टॉर्च की रोशनी लगाकर रुकने का इशारा किया तो ट्रक चालक व क्लीनर ट्रक को खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाते हुये भाग गये। उक्त ट्रक को खोलकर देखा गया तो उसमें क्रूरतापूर्वक रस्सियों से बंधे कुल 22 राशि गौवंश जिसमें **20 नंदी व 2 गाय** बरामद हुए जिनको वध के उद्देश्य से परिवहन कर ले जाया जा रहा था। बरामद गौवंशों को कस्बा शिवली में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त व पंजीकृत श्री राघव गोवर्धन गौशाला समिति के प्रबन्धक श्री राघव शुक्ला कस्बा शिवली को सुपुर्द किया गया तथा जरिये दूरभाष पशु चिकित्साधिकारी शिवली को सूचित किया गया। पशु चिकित्साधिकारी द्वारा मौके पर पहुंचकर मेडिकल परीक्षण किया गया। गौवंशों की बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिवली पर मु0अ0सं0 073/2025 धारा 3/5क/8 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11घ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम बनाम 1. ट्रक संख्या UP 65 BT 6766 का चालक व परिचालक कुल 02 नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया। बरामद ट्रक को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है।

बरामदगी का विवरण-

1. कन्टेनर संख्या UP 65 BT 6766
2. 22 राशि गौवंश **(20 नंदी व 2 गाय)**

बरामद करने वाली थाना शिवली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 श्री नरेन्द्र सिंह
2. उ0नि0 श्री शिवेन्द्र कुमार वर्मा
3. हे0का0 540 मनोज कुमार पटेल
4. का0 654 विनय सिसौदिया
5. का0 294 राजदीप